दिन—मंगलवार दिनांक— 04/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 07:30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. छह नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार समाप्त। अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में डाले जायेंगे वोट।

02 एक सौ बाईस महिला समेत एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में। उमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत सोलह मंत्रियों की चुनावी किस्मत दांव पर।

03. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, जन शक्ति जनता दल के तेजप्रताप यादव, भोजपुरी फिल्म अभिनेता खेसारी लाल यादव और लोक गायिका मैथिली ठाकुर के भी चुनावी भाग्य का होगा फैसला।

04. और, दूसरे चरण के चुनाव प्रचार में आई तेजी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की महिलाओं के साथ किया संवाद।

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिये प्रचार का शोर आज शाम समाप्त हो गया। इस चरण के लिए छह नवंबर को अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। पहले चरण के चुनाव प्रचार के दौरान एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने एक दूसरे पर तीखे आरोप—प्रत्यारोप लगाये। एनडीए की ओर से भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ समेत भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में तूफानी दौरा किया। वहीं, महागठबंधन की ओर से तेजस्वी प्रसाद यादव चुनाव प्रचार की कमान संभाले रहे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने भी धुंआधार प्रचार किया। एक रिपोर्ट——

———बाईट———

भाजपा और जदयू समेत एनडीए के घटक दलों ने प्रचार अभियान के दौरान जंगलराज और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर महागठबंधन को घेरा। मतदाताओं को लुभाने के लिए एक करोड़ रोजगार और सरकारी नौकरी का मुद्दा एनडीए ने नेताओं ने जोरशोर से उठाया। साथ ही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए दस—दस हजार रूपये दिये जाने के मुद्दे को लेकर एनडीए ने आम लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया। दूसरी तरफ महागठबंधन ने हर घर से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने के मुद्दे को चुनाव प्रचार के दौरान प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा महागठबंधन नेताओं ने पलायन रोकने, महिलाओं को प्रति वर्ष तीस हजार रूपये देने और भूमिहीनों के बीच जमीन बांटने जैसे मुद्दों को उठाकर जनता को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कोशिश की।

समाचार कक्ष से कल्पना झा

---

छह नवम्बर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए एक सौ बाईस महिला समेत एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। भोरे विधानसभा क्षेत्र से प्रीति किन्नर ट्रांसजेंडर उम्मीदवार के रूप में पहली बार जन सुराज के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

पहले चरण में कई प्रमुख प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत दांव पर है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के चुनावी भाग्य का फैसला इसी चरण में होगा। राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव चुनाव मैदान में हैं। मंगल पांडेय, विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, नितिन नवीन, संजय सरावगी और महेश्वर हजारी समेत सोलह मंत्रियों की चुनावी किस्मत का फैसला भी छह नवम्बर को हो जायेगा। इसके अलावा मतदाता भोजपुरी फिल्मों के जाने—माने अभिनेता खेसारी लाल यादव और लोक गायिका मैथिली ठाकुर के भाग्य का फैसला भी करेंगे। महुआ से जन शक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव की भी चुनावी किस्मत दांव पर है। पहले चरण में तीन करोड़ पचहत्तर लाख तेरह हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। मतदान के लिए पैंतालीस हजार तीन सौ इकतालीस पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा जो शाम छह बजे तक जारी रहेगा। सिमरी—बख्तियारपुर, महिषी, मुंगेर और जमालपुर विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान का समय शाम पांच बजे तक का निर्धारित है। इसके अलावा सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र के छप्पन मतदान केन्द्रों पर भी अपराह्न पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

समाचार कक्ष से अभिषेक दास।

---

पहले चरण का चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद दूसरे चरण के चुनाव प्रचार में तेजी आ गयी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मेरा बूथ सबसे मज़बूत अभियान के तहत वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की महिलाओं के साथ संवाद किया। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार सामाजिक न्याय के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं की चुनाव में भूमिका की सराहना की।

———बाईट———

संवाद में भाग लेते हुये एक महिला कार्यकर्ता ने कहा कि एनडीए सरकार ने महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है।

———बाईट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मोतिहारी में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि परिवारवादी पार्टियां कभी भी आम लोगों की चिंता नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि जंगल राज की प्रतीक बन चुकी पार्टियां एक बार फिर वेश बदलकर सत्ता पर काबिज होना चाह रही है लेकिन बिहार की जनता इनके मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी।

———बाईट———

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुपौल के त्रिवेणीगंज में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि केन्द्र सरकार की सहयोग से बिहार लगातार प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है।

———बाईट———

इधर, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आज गया में पार्टी प्रत्याशी प्रेम कुमार के समर्थन में रोड शो किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने औरंगाबाद के कुटुम्बा में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री गांधी ने कहा कि बिहार की सत्ता की चाबी अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथ से निकलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में जा चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य में बेरोजगारी की स्थिति भयावह रूप ले चुकी है और इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जवाब देना चाहिए।

———बाईट———

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने औरंगाबाद और रोहतास में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा समेत एनडीए के सभी घटक दल रोजगार के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

———बाईट———

इधर, वाम दल, जन शक्ति जनता दल, बहुजन समाज पार्टी और जन सुराज समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार चुनावी सभा कर रहे हैं।

---

अभी–अभी प्राप्त सूचना के अनुसार गौराबौराम सीट पर विकासशील इंसान पार्टी ने राजद उम्मीदवार अफजल अली खान को समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने यह जानकारी दी। इस सीट पर वीआईपी से संतोष सहनी उम्मीदवार हैं।

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि महागठबंधन सरकार बनने पर किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज लाया जायेगा। श्री यादव ने पटना में सवांददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार बनने पर महिलाओं के खाते में एक मुश्त तीस हजार रूपये की राशि भेजी जायेगी।

———बाईट———

---

भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने महागठबंधन पर राज्य की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रधान ने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं से बिहार के लोगों को काफी लाभ हुआ है।

---बाईट---

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि लालू यादव और उनका पूरा परिवार अति आत्मविश्वास से ग्रसित हो गया है। श्री हुसैन ने कहा कि चौदह नवम्बर को नतीजों के बाद इनके झूठे वादों का पोल खुल जायेगा।

---बाईट---

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के खिलाफ मोकामा में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। ललन सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वे विपक्ष को समर्थन देने वाले मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने से रोकने की बात कहते नजर आ रहे हैं। पटना के जिलाधिकारी–सह–निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन ने निगरानी दल द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो फुटेज की जांच की। जिसके बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। इससे पहले, निर्वाचन आयोग ने भी मोकामा में ललन सिंह द्वारा की गई कथित टिप्पणी को लेकर उन्हें नोटिस जारी कर चौबीस घंटे के भीतर जवाब मांगा था।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. छह नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार समाप्त। अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में डाले जायेंगे वोट।

02 एक सौ बाईस महिला समेत एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में। उमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत सोलह मंत्रियों की चुनावी किस्मत दांव पर।

03. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, जन शक्ति जनता दल के तेजप्रताप यादव, भोजपुरी फिल्म अभिनेता खेसारी लाल यादव और लोक गायिका मैथिली ठाकुर के भी चुनावी भाग्य का होगा फैसला।

04. और, दूसरे चरण के चुनाव प्रचार में आई तेजी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की महिलाओं के साथ किया संवाद।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।